रजिस्ट्रेशन संख्या :– R.N.I. 36355/79
डाक पंजीकरण संख्या :– के पी सिटी– 67/2018–20

अधिकार किसको जानने के लिए भारत सरकार की वेबसाइट www.dhr.gov.in लॉगिन कर क्लिक करें अल्टरनेटिव मेडिसिन तथा गज़ट पढ़ने हेतु log in करें www.behm.org.in

चिकित्सा–विज्ञान और प्रौद्योगिक जगत में सर्वाधिक प्रकाशित होने वाला निष्पक्ष समाचार पत्र

पाक्षिक

# इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट

पत्र व्यवहार हेतु पता :–
सम्पादक
इलेक्ट्रो होम्यो मेडिकल गज़ट
127/204 'एस' जूही,
कानपुर–208014

वर्ष –41 ● अंक –13 ● कानपुर 1 से 15 जुलाई 2019 ● प्रधान सम्पादक – डा0 एम0 एच0 इदरीसी ● वार्षिक मूल्य ₹100

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक

# विजय दिवस मनाया गया

भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 21 जून, 2011 को इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान एव विकास के लिए प्रथम निर्देशपूर्ण आदेश जारी किया जिसे *विजय दिवस* के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष भी 21 जून को समारोहपूर्वक पूरे देश में *विजय दिवस* मनाया गया मुख्य कार्यक्रम इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के प्रधान कार्यालय (इलेक्ट्रो होम्योपैथिक केन्द्र) में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता एसोएिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 एम0 एच0 इदरीसी ने की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वश्री डा0 प्रमोद सिंह, डा0 राम औतार कुशवाहा, डा0 मिथलेश कुमार मिश्रा, मो0 वसीम एवं श्री सोहन मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त किये तथा कार्यक्रम का संचालन इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के महासचिव एवं बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के रजिस्ट्रार डा0 अतीक अहमद ने किया।

*रायबरेली*– भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी के चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान पर आज से आठ वर्ष पूर्व अपनी मुहर लगा दी थी जिससे देश के लाखों इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सकों का भविष्य उजज्वल हो गया उस दिन को हम *विजय दिवस* के रूप में मनाते हैं यह विचार स्थानीय आशीष इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट के प्राचार्य डा0 पी0 एन0 कुशवाहा ने छजलापुर में आयोजित *विजय दिवस* समारोह में व्यक्त किये।

डा0 कुशवाहा ने कहा कि चिकित्सक इलेक्ट्रो होम्योपैथी से स्वतंत्रता पूर्वक चिकित्सा कर प्रचार प्रसार करें, समरोह में उप प्राचार्य डा0 रमेश द्विवेदी ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी के सम्बन्ध में 04 जनवरी, 2012 को उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा अनुभाग–6 के प्रमुख सचिव डा0 संजय अग्रवाल ने भी इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान पर अपनी मुहर लगा कर प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को शासनादेश की प्रति भेज चुके हैं, समारोह में डा0 त्रिलोक सिंह, डा0 लालता राम पाल, डा0 राम आसरे मौर्य, डा0 सत्यपाल वर्मा डा0 राम संजीवन, डा0 राम प्रताप यादव, डा0 शर्मा, डा0 प्रीति कुशवाहा, डा0 काली शंकर शर्मा, डा0 राजेन्द्र सिंह, डा0 छोटे लाल, डा0 जीतेन्द्र कुमार आदि उपस्थित हुये समारोह की अध्यक्षता माकपा के ज़िला मंत्री श्री रामदीन विश्वकर्मा ने की।

*महाराजगंज* (नौतनवा)– स्थानीय डी0 एल0 एम0 मेडिकल स्टडी सेन्टर ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथी द्वारा *विजय दिवस* समारोह पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर विशेषतः योग कार्यक्रम के आयोजन के साथ– साथ प्रचलित चमकी बुखार के लिये विशेष शिविर का भी आयोजन नगर पालिका परिषद के उसमान नगर वार्ड में टी0 जी0 आर0 यूनियन के तत्वधान में किया गया जिसमें मस्तिष्क ज्वर, चमकी बुखार से बचाव के उपाय बताये गये तथा 156 परिवारों को औषधियां भी वितरित की गयीं इस अवसर पर बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 के प्रवक्ता डा0 प्रिंस श्रीवास्तव ने कहा कि मस्तिष्क ज्वर पूर्वांचल के लिये बड़ी समस्या है इससे बचाव के लिये 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का टीकाकरण अवश्य करायें जिससे बच्चे दिमागी बुखार जैसी घातक बीमारी से बचे रहें, टी0 जी0 आर0 यूनियन के अध्यक्ष श्री राजनाथ भारती ने कहा कि हमारी टीम द्वारा नगर में घर–घर जा कर स्वस्थ रहने के उपाय बताकर जागरुक किया जायेगा, उन्होंने कहा कि अपने आस–पास सफ़ाई का वातावरण रखें मच्छरों को पनपने के पूर्व दवा का छिड़काव अवश्य करायें इस अवसर पर दुर्गा मद्धेशिया चिकित्सक शिक्षार्थी निशा, साधना, नेहा, नीमा, संध्या आदि उपस्थित थीं।

*मऊ* (वलीदपुर)– नगर पंचायत वलीदपुर स्थित इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर पर *विजय दिवस* समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्टडी सेन्टर के प्रभारी डा0 अयाज़ अहमद ने उपस्थित चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 21 जून, 2011 को भारत सरकार के हेल्थ रिसर्च विभाग ने इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के पक्ष में एक आदेश जारी कर सभी राज्य सरकारों को यह निर्देश दिया कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी की शिक्षा, चिकित्सा, अनुसंधान एवं विकास के कार्य को अबाध रूप से चलने दिया जाये और इस पर कोई प्रतिबन्ध न लगाया जाये तब से इस तिथि को *विजय दिवस* के रूप में प्रति वर्ष एसोसिएशन से जुड़े लोग इसे मनाते हैं और इसी आदेश के कारण ही यह पद्धति जीवित है, इसी आदेश के अनुपालन में प्रदेश सरकार के चिकित्सा अनुभाग– 6 ने 04 जनवरी, 2012 को एक आदेश जारी किया इस अवसर पर डा0 मो0 सलमानी, डा0 ओम प्रकाश, डा0 अयाज़ अहमद, नसीम अख्तर, राहुल कुमार, अबुलकैश, अलोक कुमार, राजकुमार , आलमगीर खान आदि उपस्थित थे।




इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया द्वारा आयोजित विजय दिवस समारोह में डा0 प्रमोद सिंह (प्राचार्य बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट कानपुर) राष्ट्रीय अध्यक्ष डा0 एम0एच0 इदरीसी को माल्यापर्ण करते हुये– छाया गज़ट

*हमीरपुर*– इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित इलेक्ट्रो होम्योपैथी *विजय दिवस* के अवसर पर एसोसिएशन के बुन्देलखण्ड प्रभारी एवं प्रवक्ता डा0 नरेन्द्र भूषण निगम ने कहा कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी का वास्तविक विकास किया जाये विकास का स्वरूप कुछ इस तरह का हो जिसका लाभ आम जनता को सुचारू रूप से मिलता रहे गाँव–गाँव चिकित्सा शिविर लगाये जायें और धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा आम जन को स्वास्थ्य लाभ पहुँचाया जाये, यह प्रत्येक इलेक्ट्रो होम्योपैथ का दायित्व है कि जितने आसाध्य रोग हैं उनपर इलेक्ट्रो होम्योपैथी को व्यवहार में लाया जाये उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा में वही टिकता है जिसके पास बौद्धिक क्षमता का भण्डार हो।

इलेक्ट्रो होम्योपैथी में बौद्धिक सम्पदा की कमी नहीं है इसलिए हर सम्भव प्रयास करें जिससे रोगी को आसान एवं सस्ती चिकित्सा मिल सके, हमें किसी भी प्रकार का सरकारी अनुदान प्राप्त नहीं होता है फिर भी हमें जनता की सेवा हर सम्भव प्रयास के साथ करनी है ताकि एक अच्छे एवं स्वस्थ्य समाज का निर्माण हो सके। बुन्देलखण्ड स्टडी सेन्टर के सलाहकार डा0 गणेश सिंह '' विद्यार्थी जी '' ने कहा कि हम 21 जून के अधिकारिता के आदेश का स्वागत करते हैं एवं केन्द्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं कि इस आदेश के आने के बाद इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति में

शेष पेज 3 पर

# राज्य स्तर पर मान्यता का प्रयास उचित



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य राज्य का विषय है इसे नियमित, नियंत्रित एवं संचालित करने के लिये राज्य सरकारें यथोचित कानून बना सकती हैं एवं अपने राज्य की जन स्वास्थ्य सेवाओं हेतु उनका पालन भी करा सकती हैं,इसी अधिकार को दृष्टिगत रखते हुयेअनेक राज्य सरकारों ने अपने राज्य के आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सकों को सीमित अधिकारों के साथ एलोपैथिक औषधियों के प्रयोग का अधिकार दिया है, इससे स्पष्ट हो जाता है कि राज्यों को अपने राज्य की जनता के स्वास्थ्य लाभ के लिये संविधान में उन्हें इस प्रकार के अधिकार प्राप्त हैं।

*इलेक्ट्रो होम्योपैथिक शीर्ष सेस्थाओं/संगठनों को राज्यों के इस अधिकार का लाभ उठाते हुये अपने–अपने राज्य में सरकार से सम्पर्क कर अपनी उचित बातों को रखते हुये सरकार से उस लाभ को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिये जो उसके पास निहित हैं या वह अपने राज्य की जनता के लिये प्रयोग में ला सकती है, वस्तुतः इस दिशा में उत्तर प्रदेश के पश्चात हरियाणा, पश्चिम बंगाल, ओडिशा व महाराष्ट्र राज्य के इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सक/ संगठन/संस्थायें कदम बढ़ा चुके हैं एवं इसमें शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम भी दृष्टिगोचर हो सकते हैं।*

*उत्तर प्रदेश की एक मात्र संस्था बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0 ने माननीय इलाहाबाद उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश पर उत्तर प्रदेश शासन को बोर्ड के पंजीयन हेतु आवेदन किया था जो 04 जनवरी, 2012 को पूर्ण हुआ इस प्रकार उत्तर प्रदेश देश का वह पहला राज्य बन गया जिसे प्रदेश के चिकित्सा विभाग द्वारा इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा, शिक्षा, रजिस्ट्रेशन, अनुसंधान एवं विकास का अधिकार प्रमाणित हुआ, देश के अनेक राज्यों में स्थापित एवं संचालित इलेक्ट्रो होम्योपैथिक संस्थाओं के लिये यह एक उदाहरण भी हो सकता है एवं मार्ग दर्शन भी।*

*राज्यों में स्थापित एवं संचालित इलेक्ट्रो होम्योपैथिक संस्थायें अपने राज्य क्षेत्र की व्यवस्थाओं एवं शासन/प्रशासन तथा आम जनमानस से भी भली–भाँति परिचित होती हैं तथा यह सब कुछ उनकी पहुँच से दूर नहीं होती हैं, वह यह भी समझ सकती हैं कि उनके राज्य की जनता को किस प्रकार की स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता है जिसे वह किस प्रकार स्वयं अथवा जनता तथा शासन/प्रशासन से इसे समुचित ढंग से पूर्ण कर सकते हैं, मान्यता के लिये जो सबसे बुनयादी आवश्यकता है वह आम जन को गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने की, जो निर्दोष एवं हानिरहित हो, जिसे किसी भी सक्षम प्रधिकारी के समक्ष आवश्यकता पड़ने पर प्रमाणित भी किया जा सके।*

*देश में केन्द्र शासित प्रदेश सहित 36 राज्य हैं जिनमें 29 पूर्ण राज्य हैं राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता के लिये कम से कम एक तिहाई राज्यों में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के कार्य का विवरण आवश्यक है, पिछले अनुभवों को दृष्टिगत रखते हुये अनेक राज्यों से सामंजस्य बनाये रखना असम्भव प्रतीत होता है अतः उचित तो यह है कि मान्यता का प्रयास राज्य स्तर पर ही प्रभावी ढंग से किया जाये यदि इस कार्य में एक तिहायी राज्य सक्रीय हो जायें तो निसंदेह शीघ्रताशीघ्र इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है यह इसलिये भी सम्भव है कि हम राज्य के राजनैतिक एवं अफसर शाही व नौकर शाही को भली–भाँति समझ सकते हैं, तथा उन्हें जनबल एवं अपने कार्य से प्रभावित व संतुष्ट भी कर सकते हैं।*

*महत्वपूर्ण बात यह है कि राज्य सरकार से राज्य की जनता के स्वास्थ्य लाभ हेतु अपनी सहभागिता प्रमाणित करने का अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं इस प्रकार इलेक्ट्रो होम्योपैथी की राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त करने में बड़ी ही सुगमता से सफ़लता अर्जित की जा सकती है इस प्रकार यदि हम निर्धारित लक्ष्य के साथ देश के एक तिहायी राज्यों में मान्यता प्राप्त करने में सफ़ल होते हैं तो निसंन्देह वह दिन दूर नहीं जब हमें राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने में कदापि विलम्ब होगा।*

*वास्तव में अब उन राज्यों की शीर्ष संस्थाओं/संगठनों को इस दिशा में स्वयं पहल करने की आवश्यकता है जिन्होंने अभी तक इस विषय में कोई गम्भीरता नहीं दिखायी है या वह राष्ट्रीय मान्यता की प्रत्याशा में हैं, उन्हें भी अपने–अपने राज्यों में निर्धारित रणनीति बना कर राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त करने के लिये संलिप्त हो जाना चाहिये, हम समझते हैं कि ऐसे लोग अपने लक्ष्य में शीघ्र सफ़ल होंगे जिन्होंने मान्यता प्राप्त करने में अपना महत्वपूर्ण समय व्यतीत किया है।*

# इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मान्यता के लिये नये सिरे से प्रयास होने चाहिये

इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता को सुगम बनाने के लिये राज्य स्तर पर प्रयास किये जाने चाहिये जिससे मान्यता प्राप्त करने में लग रहे समय को कम किया जा सके हालांकि इस दिशा में हरियाणा एवं महाराष्ट्र राज्य के चिकित्सकों एवं संस्थाओं ने प्रयास भी आरम्भ कर दिये हैं उनके यह प्रयास सराहनीय हैं दोनों राज्यों में आयुष विभाग द्वारा विचारार्थ समितियों का गठन भी किया जा चुका है, इसी प्रकार के प्रयास की सूचना पश्चिम बंगाल एवं ओडिशा राज्य से भी प्राप्त हो रही हैं, देश के अन्य राज्यों को भी इनका अनुसरण करते हुये प्रयास में लग जाना चाहिये यदि इस प्रकार राज्य स्तर पर प्रयास किये जाते हैं तो इलेक्ट्रो होम्योपैथी की मान्यता को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

राज्यों द्वारा प्राप्त इन मान्यताओं से इलेक्ट्रो होम्योपैथिक की चिकित्सा एवं शिक्षा को निर्बाध रुप से जारी रखा जा सकता है, जब राज्यों का संरक्षण प्राप्त होगा तो अनावश्यक हस्तक्षेप का प्रयास नहीं होगा, राज्य द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवाओं में सहभागिता भी मिल सकेगी जिससे स्वास्थ्य विभाग में सेवाओं के अवसर भी प्राप्त हों सकते हैं, देश में संचालित हो रही राज्य स्तरीय शीर्ष संस्थाओं को योजनाबद्ध ढंग से इस कार्य में पूरी तनमयता के साथ लग जाना चाहिये तथा एक दूसरे राज्य के साथ सामंजस्य बनाते हुये सूचनाओं एवं अभिलेखों का आदान–प्रदान भी करना चाहिये चूँकि कार्य राज्य स्तरीय होगा इसलिये प्रतिस्पर्धा में पारदर्शिता की गुंजाईश होगी, एक दूसरे में वैमनस्य की भावना को कोई स्थान नहीं होगा इस बात का पूरा प्रयास होना चाहिये कि एक दूसरे के क्षेत्राधिकार में कोई भी हस्तक्षेप एवं अतिक्रमण नहीं हो यदि ऐसा होगा तो सभी राज्यों की शीर्ष संस्थायें अपने–अपने क्षेत्राधिकार में अपने लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने में सफ़ल होंगी।

देश में संचालित सभी शीर्ष संस्थाओ के संचालको में बौद्धिक, राजनैतिक एवं जनमानस को प्रभावित करने वाली असीम सम्भावनायें हैं जो अपने–अपने राज्य की सरकारों को अपने कार्यों से संतुष्ट कर सकते हैं तथा राज्य हित को भी लाभ पहुँचा सकते हैं, शीर्ष संस्थाओं को इलेक्ट्रो होम्योपैथिक की चिकित्सा एवं शिक्षा हेतु केन्द्र सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश आदेश दिनांक 25 नवम्बर, 2003 तथा इसके क्रियान्वयन हेतु जारी आदेश दिनांक 21 जून, 2011 का अनुसरण पूर्ण रुपेण करना चाहिये जो देश की सभी राज्य सरकारों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों को सम्बोधित एवं प्रेषित है, इस आदेश में केन्द्र सरकार ने इलेक्ट्रो होम्योपैथी को व्यापक अधिकार प्रदान किये हैं बस आवश्यकता है आपको समझने की और सही मार्गदर्शन की, 21 जून, 2011 में दिये गये अधिकारों में से किसी एक अधिकार पर यदि आपने कार्य कर लिया तो निःसंदेह एक बहुत बड़ी ख्याति आप अर्जित कर सकते हैं 25 नवम्बर, 2003 के आदेश के स्पष्टिकरण हेतु 05–05–2010 के आदेश का अवलोकन कर सकते हैं, सभी पाठ्यक्रम 25 नवम्बर, 2003 के अनुसार ही बनायें तथा चिकित्सा व्यवसायिकों को डाक्टर शब्द लिखने के लिये आदेशानुसार निर्देश भी दें यदि ऐसा करने में सफ़ल होंगे तो निःसंदेह राज्य सरकार से कार्य करने का अवसर प्राप्त करने में सफ़ल होंगे।

भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आदेश दिनांक 21 जून, 2011 इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा, शिक्षा, अनुसंधान एवं विकास हेतु राज्य सरकारों को निर्देश है जो विशेषतयः देश की सभी राज्य सरकारों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों को सम्बोधित एवं प्रेषित किया गया है जो केन्द्र सरकार द्वारा प्रेषित अद्यतन शासकीय आदेश है इस आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि भारत सरकार के आदेश दिनांक 25–11–2003 एवं आदेश दिनांक 05–05–2010 को इलेक्ट्रो होम्योपैथी की चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार का निर्देश माना जाये।

**केन्द्र सरकार के इस आदेश दिनांक 21 जून, 2011 की भावना से स्पष्ट है कि इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा, शिक्षा एवं अनुसंधान के सम्बन्ध में राज्य सरकारों को 25–11–2003 एवं 05–05–2011 का अनुपालन करना बाध्यकारी है।**




21 जून 2019 को विजय दिवस एवं अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डी0 एल0 एम0 मेडिकल स्टडी सेन्टर महाराजगंज में इलेक्ट्रो होम्योपैथिक के छात्र योग करते हुये।



विजय दिवस के अवसर पर डी. एल. एम. मेडिकल स्टडी सेन्टर महाराजगंज द्वारा निःशुल्क जल एवं गरीबों को अंगवस्त्र देते सेन्टर के छात्र



विजय दिवस के अवसर पर डी० एल० एम० मेडिकल स्टडी सेन्टर महाराजगंज द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मस्तिष्क बुखार, चमकी बुखार एवं इन्सेफलाइटिस के रोगियों का परीक्षण किया गया एवं निःशुल्क औषधि का वितरण किया गया रोगियों के बैठने की समुचित व्यवस्था भी की गई।

# विजय दिवस मनाया गया प्रथम पेज से आगे

कोई अवरोध नहीं रहा है सरकार लगातार हम पर विचार कर रही है प्रत्येक इलेक्ट्रो होम्योपैथ को अपनी चिकित्सा पद्धति में प्रैक्टिस करने का पूर्ण अधिकार है इसलिए हम सभी चिकित्सकों को कटिबद्ध होकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी को बढ़ाना है।

इस अवसर पर डा० एस० के० चक्रवर्ती ने कहा कि चिकित्सक निर्भय और निडर होकर इलेक्ट्रो होम्योपैथी की औषधियों से चिकित्सा करें अन्य किसी चिकित्सा पद्धति के दवाओं का कदापि इस्तेमाल न करें। कार्यक्रम में डा० कीर्ति सिंह, डा० शिवनारायण, डा० प्रमोद प्रजापति डा०अरूण त्रिपाठी, प्रियंका, नम्रता, श्रेया ओमर , डा० मन्दाकनी, डा० सुनीता सागर आदि ने उत्साह पूर्वक भाग लिया संचालन डा० जी०एस०विद्यार्थी ने किया।




इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया (**E.H.M.A.I.**) के 8वें विजय दिवस के अवसर पर वलीदपुर इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर वलीदपुर जनपद मऊ में डा० अयाज़ अहमद की अध्यक्षता में कार्यक्रम मनाया गया।




इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया (**E.H.M.A.I.**) के 8वें विजय दिवस के अवसर पर बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक स्टडी सेन्टर हमीरपुर में कार्यक्रम मनाया गया।




इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया (**E.H.M.A.I.**) के 8वें विजय दिवस के अवसर पर बायें से दायें डा० राम औतार कुशवाहा, डा० प्रमोद सिंह क्रमशः प्रध्यापक एवं प्राचार्य बुन्देलखण्ड इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल इन्सटीट्यूट हमीरपुर, डा० मिथलेश कुमार मिश्रा संयुक्त सचिव इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया, डा० अतीक अहमद–रजिस्ट्रार, बी० इ० एच० एम० यू० पी० अपने अपने विचारों को साझा करते हुये एवं मंच पर विराजमान इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ़ इण्डिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा० एम० एच० इदरीसी – छाया गज़ट

# बोर्ड ऑफ़ इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिसिन, उ0प्र0

(स्वास्थ्य एवे परिवार कल्याण मंत्रालयभारत सरकार द्वारा आदेश प्राप्त, इहमाई द्वारा अनुमोदित)
8— लालबाग, कमला शर्मा मार्ग, लखनऊ—226001
प्रशा0 कार्यालय : 127/204 ''एस'' जूही, कानपुर—208014
website- www.behm.org.in Email: registrarbehmup@gmail.com

## प्रवेश सूचना

**F.M.E.H.** दो वर्ष (चार सेमेस्टर) – इण्टरमीडियेट अथवा समकक्ष **M.B.E.H.** तीन वर्ष – इण्टरमीडियेट जीव विज्ञान अथवा समकक्ष

**G.E.H.S.** चार वर्ष+(1 वर्ष इन्टर्नशिप) – 10+2 जीव विज्ञान अथवा समकक्ष **P.G.E.H.** दो वर्ष – G.E.H.S अथवा चिकित्सा स्नातक

**A.C.E.H.** एक सेमेस्टर – किसी भी चिकित्सा पद्धति में न्यूनतम दो वर्ष का पाठ्क्रम उत्तीर्ण (इलेक्ट्रो होम्योपैथी 30 अप्रैल, 2004 से पूर्व/पैरा मेडिकल /किसी राजकीय चिकित्सा परिषद द्वारा पंजीकृत, सूचीकृत चिकित्सक)

## प्रवेश व परीक्षा का कैलेण्डर

F.M.E.H. & A.C.E.H. की परीक्षायें सेमेस्टर वाइज़ वर्ष में 4 बार होंगी जो इस प्रकार है :— March , June , September and December

## F.M.E.H. / A.C.E.H. Semester Cycle.

| Enrolment | Examination | Result |
|---|---|---|
| Up to 30th. January | Last Week of June | Last week of July |
| Up to 30th. April | Last Week of September | Last week of October |
| Up to 30th. July | Last Week of December | Last week of January |
| Up to 30th. October | Last Week of March | Last week of April |

## M.B.E.H. , G.E.H.S & P.G.E.H. Annual Cycle

| Enrolment | Examination | Result |
|---|---|---|
| Up to 30th. July | March | Last week of April |

## LIST OF AUTHORISED INSTITUTIONS

| Code | Name of InstituteAddress & District | Name of Principal | Name of Manager & Mobile No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Ashish Electro Homoeopathic Medical Insitute, Chajlapur, Po: I.T.I.,Door Bhash Nagar, Raibareli | Dr. P. N. Kushwah | Dr. P.N. Kushwaha , 9415177119 |
| 3 | Awadh Electro Homoeopathic Medical Insitute, Shri Om Sai Dham,Indrpuri Colony,Sitapur Road, Lucknow | Dr. R. K. Kapoor | Smt. Sunita Kapoor , 9335916076 |
| 4 | Indira Gandhi Electro Homoeopathic Medical Insitute, Near Bhagva Chungi, Naya Mal Godam Road, Pratapgarh | VACANT | Dr. M.A. Idrisi, 9451274526 |
| 5 | Bhagwan MahaveerElectro Homoeopathic Insitute, Pan Dareeba, Jaunpur | Dr. Pramod Kumar Maurya | Smt. Sushila Maurya , 9935870799 |
| 6 | Maa sarju Devi Electro Homoeopathic Medical Insitute, 2537 - Mishrana, Lakhimpur | Dr. R. K. Sharma | R.K. Sharma , 8115545675 |
| 7 | Mahoba Electro Homoeopathic Institute, Behind Block Office Subhash Nagar, MAHOBA-210427 | Dr. Ajai Barsaiya | Smt. Rajni Awasthi , 842396191 |
| 10 | Electro Homoeopathic Medical Insitute Jalaun, 2/55 Awas Vikas Colony, Jalaun | Dr. Savitri Devi | Kuldeep Singh, 9451542329 |
| 11 | Chandpar Electro Homoeopathic Medical Insitute, Anjan Shaheed, Azamgarh | Dr. Mushtaq Ahmad | Dr. Iftekhar Ahmad,9415358163 |
| 12 | Mau Electro Homoeopathic Medical Insitute, Prem Nagar Chakiya(Chiraiya Kot Road), Mau | Dr. Ramesh Upadhyay | Dr. Iftekhar Ahmad,9616675062 |
| 13 | Azad Electro Homoeopathic Medical Insitute, Kintoor, Barabanki | Dr. Habib-ur- Rahman | Dr. Habib-ur-Rehman, 9415758906 |
| 14 | Fatehpur Electro Homoeopathic Medical Insitute, Deviganj, Fatehpur | VACANT | Dr. Afzal Ahmad Kazmi, 9450332981 |
| 15 | Electro Homoeopathic Medical Insitute , Mahmanshah, Near Charkhamba,Shahjahan pur | Dr. Ammar-Bin-Sabir | Dr.S.A. Siddique, 9336034277 |
| 16 | Shahganj Electro Homoeopathic Medical Insitute , Behind Mahila Hospiital, Dihawa Bhadi,Shahganj, Jaunpur | Dr. S. N. Ri | Dr. Rajendra Prasad, 9450088327 |
| 17 | Prema Devi Electro Homoeopathic Medical Institute, Siddhatth Children Campus, Arya Nagar, Siddharth Nagar | Dr. Ved Prakash Srivastav | 9415669294 |
| 18 | Bundel Khand Electro Homoeopathic Medical Institute, Campus Shri Lakhan Smarak Kanya Jr.H. School 1363 Y-4 Dhobin Pulia, Hanumant Vihar, NaubastaKANPUR | Dr. Pramod Kumar singh 9307199994 | Mr. Rahul Bajpai, 9650466359 |

## LIST OF AUTHORISED STUDY CENTRES

| Code | Head of Centre | Address | District | Mobile No | E-mail |
|---|---|---|---|---|---|
| 51 | Dr. Adil M. Khan | Parsauni Kala,Padrauna | KUSHI NAGAR | 9936131988 | WhatsApp No: 7985063850 |
| 52 | Dr. Pradeep Kumar Srivastava | 8/366 Tube Well Colony | DEORIA | 9415826491 | |
| 53 | Dr. Bhoop Raj Shrivastava | 120-Basheerganj | BAHRAICH | 9451786214 | |
| 54 | Dr. Hari Singh | Nagla ParamSukh, Etmadpur | AGRA | 9359350670 | |
| 55 | Dr. Ayaz Ahmad | Beneath K.G.S. Gramir Bank, Walidpur | MAU | 9305963908 | |
| 56 | Dr. Gaya Prasad | Aarti Electro Homoeopathic Study Centre, Barkhera, Kalpi | JALAUN | 8874429538 | |
| 57 | Dr. N. Bhushan Nigam | B.K.E.H. Study Centre, Patkana | HAMIRPUR | 7007352458 | |
| 58 | Dr.Brajesh Kumar Sharma | Shanti Devi Electro Homoeopathic Study Centre, Borna | ALIGARH | 9416855688 | Dr. Ram Babu Singh 9416855688 |
| 59 | Dr. Mohammad Israr Khan | Araw Road, Sirsaganj | FIROZABAD | 9634503421 | |
| 60 | Dr. Mohd. Akhlak Khan | 128- Katra Purdal Khan | ETAWAH | 7417775346 | |
| 62 | Dr. Pundreek Tripathi | Hameed Nagar Ward No-3, Nautanwa | MAHARAJGANJ | 9936769580 | mpsr31@gmail.com |
| 65 | Smt. Varsha Patel | Banarsi Dham, Bindki | FATEHPUR | 8853961545 | |

## LIST OF AUTHORISED EXAMINATION CENTRES

| Code | Head of Centre | Address | District | Mobile No | E-mail |
|---|---|---|---|---|---|
| 91 | Dr. P. K. Ragahav | Khurja | BULAND SHAHAR | 9837897021 | |
| 93 | Dr. Rajesh | Garh Mukteshwar | HAPUR | 8958961964 | |

Registrar